दिन– शनिवार दिनांक– 21 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान बिहार पवेलियन में उमड़ी भीड़। कांग्रेस के विरोध के खिलाफ भाजपा ने पटना समेत देशभर में किया प्रदर्शन।

02 प्रदेश में राज्यसभा चुनाव की हलचल तेज। पांचवी सीट के लिए पक्ष और विपक्ष बना रहे है रणनीति।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले वर्ष मोंथा तूफान और बाढ़ से हुई फसल क्षति के लिए किसानों के बैंक खाते में एक सौ करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के तहत करेंगे अपने विचार साझा।

---

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट– दो हजार छब्बीस आज नई दिल्ली में संपन्न हो गया। प्रदर्शनी के आखिरी दिन भी प्रदर्शकों, नवप्रवर्तकों और आगंतुकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अंतिम दिन बिहार पवेलियन समेत सभी पवेलियन में नवाचारियों की भारी भीड़ उमड़ी। समिट के दौरान कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने बिहार में एग्री टेक, हेल्थ टेक और स्मार्ट वाटर मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में निवेश की इच्छा जताई है। कई कंपनियों के प्रमुखों ने राज्य के युवाओं के साथ साझेदारी में वैश्विक स्तर की एआई कौशल विकसित करने के लिए प्रोजेक्ट लगाने पर सहमति जताई है।

---

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट– दो हजार छब्बीस में एआई इम्पैक्ट पर नई दिल्ली घोषणापत्र स्वीकार किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक सहयोग में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कुल अट्ठासी देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इसका समर्थन किया है। यह घोषणा पत्र आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के लिए एआई का लाभ उठाने पर व्यापक वैश्विक सहमति को दर्शाता है। सर्वजन हिताय,

सर्वजन सुखाय के सिद्धांत से प्रेरित इस घोषणापत्र में एआई के लाभ मानवता के सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंचाने पर बल दिया गया है।

---

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कई तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए गए। श्री वैष्णव ने आज समिट का दौरा किया। उन्होंने कहा कि युवाओं में एआई समिट को लेकर काफी उत्साह है। श्री वैष्णव ने कांग्रेस कार्य़कर्ताओं के समिट स्थल प्रदर्शनी और हंगामे की आलोचना की। उन्होंने कहा कि लोगों ने इसे बेहद शर्मनाक बताया है।

---बाइट---

---

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है।

---बाइट---

---

इधर, युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एआई समिट के दौरान विरोध के मुद्दे को लेकर भाजपा आज देशव्यापी प्रदर्शन कर रही है। पटना के आयकर गोलम्बर के निकट भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। खगड़िया, रोहतास, भागलपुर, मुंगेर समेत विभिन्न जिला मुख्यालयों में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला और कांग्रेस नेताओं का पुतला जलाया।

---

राज्यसभा चुनाव को लेकर प्रदेश के सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गयी है। विधानसभा में संख्या बल के अनुसार चार सीटों पर एनडीए की जीत पक्की है। इधर, पांचवी सीट के लिए एनडीए के घटक दल दावेदारी पेश कर रहे हैं। इस बीच, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने दावा किया है कि सभी पांच सीटों पर एनडीए की जीत होगी। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों को लेकर एनडीए की बैठक में फैसला होगा।

---बाइट---

इधर, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि उनकी माता सक्रिय राजनीति से दूर रहेंगी। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि एनडीए में सर्वसम्मति से उम्मीदवारों का नाम तय कर लिया जाएगा।

---बाइट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले वर्ष मोंथा तूफान के कारण हुई अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई फसल क्षति के मुआवजे के लिए किसानों के बैंक खाते में आज एक सौ करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की। श्री कुमार ने पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दो लाख से अधिक किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से यह राशि भेजी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद तथा कृषि मंत्री रामकृपाल यादव समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने गया-मानपुर रेलखंड पर बागेश्वरी गुमटी के स्थान पर प्रस्तावित सड़क ऊपरी पुल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। श्री कुमार ने बताया कि इससे प्रतिदिन जाम की स्थिति से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि परियोजना का कार्य बिहार राज्य पुल निर्माण निगम की ओर से कराया जा रहा है। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और आम नागरिक उपस्थित थे।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ इकतीसवां संस्करण होगा। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी यह उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली

भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

आकाशवाणी, पटना के एक्स हैंडल पर प्रसारित समाचार का असर हुआ है। बुडको की बेगूसराय इकाई ने आकाशवाणी समाचार का नोटिस लेते हुए जिले के वार्ड नम्बर– उनतालीस में सड़क निर्माण में अनियमितता के आरोपी ठेकेदार के लाइसेंस को निरस्त कर दिया है।

---

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश ने इकतीस मार्च तक माओवाद को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। श्री शाह आज गुवाहाटी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सी.आर.पी.एफ. के सत्तासीवें स्थापना दिवस परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे।

–––बाइट–––

सीआरपीएफ के जवानों के भरोसे मैं देश की जनता को फिर से कहना चाहता हूं फरवरी समाप्त होने आया है। 31 मार्च 2026 को इस देश को हम माओवादी समस्या से पूर्ण रूप से मुक्त करा देंगे और माओवाद का संपूर्ण उन्मूलन हो जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि सीआरपीएफ ने देश की अतुलनीय सेवा की है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के जवान और कोबरा बटालियन देश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए काफी महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं।

---

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज टिटनेस और डिप्थीरिया के टीकाकरण का राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया। श्री नड्डा ने हिमाचल प्रदेश के सोलन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्वदेशी टीका स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

–––बाइट–––

---

छपरा से भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी ने कहा कि सोनपुर में प्रस्तावित ग्रिनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा राज्य के विकास में मिल का पत्थर बनेगा। पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में श्री रूढ़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र

मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को वैश्विक उड्यन केंद्र बनाने के लिए इस परियोजना पर कार्य किया जा रहा है।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के लिए जनसंपर्क का काम तेज हो गया है। नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन आज कई उम्मीदवारों ने अपना पर्चा वापस ले लिया। विश्वविद्यालय के चुनाव अधिकारी शंकर प्रसाद ने बताया कि आज देर शाम अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। श्री प्रसाद ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार अट्ठाईस फरवरी को मतदान होगा और उसी दिन मतगणना कराई जाएगी।

---

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में सुपर–एट चरण के मुकाबले आज से शुरू हो गये हैं। सुपर–एट के पहले मुकाबले में आज शाम सात बजे से न्यूजीलैंड का सामना पाकिस्तान से होगा। यह मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं, भारत सुपर–एट में अपने अभियान की शुरूआत कल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले से करेगा। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

---

पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और ई–कमिटी के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने आज शेखपुरा व्यवहार न्यायालय में पेपरलेस कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालय परिसर में अन्य सुविधाओं के विस्तार के निर्देश भी दिये।

---

कैमूर जिला मुख्यालय भभुआ में सदर अस्पताल का राजस्तरीय मूल्यांकन टीम ने विस्तृत निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल में साफ–सफाई से लेकर मरीजों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं का अवलोकन किया।

---

होली के दौरान कटिहार रेल मंडल के रास्ते छह जोड़ी विशेष ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि इसके अतिरिक्त पांच जोड़ी ट्रेनों का प्रारंभ कटिहार मंडल से ही होगा।

---

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत गोदारी बाजार में एटीएम चोरी कर रहे अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुयी। हालांकि अपराधी मौके से फरार हो गए।

---

रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड अंतर्गत रामदुलारी विद्यालय में गुप्ताधाम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर धार्मिक और सांस्कृति प्रस्तुति दी गयी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान बिहार पवेलियन में उमड़ी भीड़। कांग्रेस के विरोध के खिलाफ भाजपा ने पटना समेत देशभर में किया प्रदर्शन।

02 प्रदेश में राज्यसभा चुनाव की हलचल तेज। पांचवी सीट के लिए पक्ष और विपक्ष बना रहे है रणनीति।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले वर्ष मोंथा तूफान और बाढ़ से हुई फसल क्षति के लिए किसानों के बैंक खाते में एक सौ करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के तहत करेंगे अपने विचार साझा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।